दिनांक–03.11.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में Construction of 100-Bedded Government SC/ST Welfare Hostel in the Campus of G.D. College, Begusarai कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः–

(i)	**ई0 रामाज्ञा कुमार,** मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।	–	अध्यक्ष
(ii)	**ई0 विजय कुमार** अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा।	–	सदस्य
(iii)	**ई0 ऋतु राज,** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय।	–	सदस्य

1.	**योजना का नाम**	–	**Construction of 100-Bedded Government SC/ST Welfare Hostel in the Campus of G.D. College, Begusarai.**
2.	**योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि**	–	₹4,90,62,000/– (अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार का ज्ञापांक–147, दि0–30.10.2024)
3.	**योजना की तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि**	–	₹4,69,35,621/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 689 (नि0) अनु0 दिनांक–20.06.2025 एवं मुख्य विधुत अभियंता का ज्ञापांक–345(वि0) दिनांक–20.03.2025)
4.	**योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि**	–	₹4,66,31,941/–
5.	**निविदा आमंत्रण की तिथि**	–	22.07.2026
6.	**निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि**	–	30.08.2026
7.	**निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि**	–	30.08.2026
8.	**प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय**	–	(a) दिनांक 20.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। (b) दिनांक 13.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में
9.	**कार्य समाप्ति की अवधि**	–	09 (नौ) माह।
10.	**निविदा प्रसारण का माध्यम**	–	ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
11.	**निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम**	–	हिन्दुस्तान समाचार पत्र, दिनांक–25.07.2026
12.	**प्रकाशन का पी0आर0 संख्या**	–	008460(भवन)/2025–26
13.	**निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता**	–	**i)** GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS-HARNAUT , DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173)
		–	**ii)** RAJ CONSTRUCTION, PLOT NO.-A6, CENTRE MARKET, SECTOR-12 (BCD Class-1, REG NO- 2240183)
		–	**iii)** M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315)

- iv) M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PF4)
- v) RAJ GOPAL SHARMA, PATNA-801112 (BCD Class-1, REG NO- 1250304)
- vi) SANT MENHI INFRATECH, NEAR GIRLS HIGH SCHOOL ANAND NAGAR SEC-2 SABOUR, BHAGALPUR-813210 (PHED Class-1, REG NO- 280120250092)
- vii) EVOLERGY RENEWABLES LLP, ADD- RADHIYA, GOVINDGANJ, EAST CHAMPARAN, BIHAR-845401 (BCD Class-1, REG NO- 1260044)

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

प्रथम बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के सफल रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर **पुनर्निविदा** करने का निर्णय लिया गया था।

द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः- विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में सफल न्यूनतम निविदाकार "M/S BHARTI CONSTRUCTION, BEGUSARAI-851127 (BCD Class-1, REG NO- 1250093)" को भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक- 4288(भ0), दिनांक-13.05.2026 द्वारा निर्गत होने की तिथि (दिनांक-13.05.2026) से 2 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किया गया है, जो आमंत्रित निविदा में मांगी गयी शर्त्तों को पूर्ण नहीं करता है। अतः उक्त के अनुसार इस निविदा के लिए न्यूनतम दरदाता योग्य नहीं होने के कारण इस निविदा को **रद्द कर 'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया था।

तृतीय बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):- विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त सात निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक-1819 अनु0 दिनांक-10.09.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः-

(i) प्रथम निविदाकार GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS- HARNAUT , DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार RAJ CONSTRUCTION, PLOT NO.-A6, CENTRE MARKET, SECTOR-12 (BCD Class-1, REG NO- 2240183) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगे गये Minimum Quantity of items of work excuted in one year के अन्तर्गत PHE WORK हेतु निविदाकार द्वारा Sublet किया गया है, परन्तु PHE WORK के विरूद्ध Subletting Agency का अनुभव प्रमाण पत्र वित्तीय वर्षवार संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iv) चतुर्थ निविदाकार M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PF4) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(v) पंचम् निविदाकार RAJ GOPAL SHARMA, PATNA-801112 (BCD Class-1, REG NO- 1250304) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 कंडिका–4.5A(c) के तहत मांगे गये Minimum Quantity of items of work excuted in one year के अन्तर्गत Brick Work = 594Cum के विरूद्ध 497.63 Cum मात्र का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न पाया गया, जो निविदा की शर्त्तो को पूर्ण नहीं करता है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5A(c) के तहत **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(vi) षष्टम् निविदाकार SANT MENHI INFRATECH, NEAR GIRLS HIGH SCHOOL ANAND NAGAR SEC-2 SABOUR, BHAGALPUR-813210 (PHED Class-1, REG NO- 280120250092) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 कंडिका–4.5A(a) के तहत "Must have in any one year a Minimum Annual Financial Turnover (in all classes of civil engineering construction works only) of amount of construction work, which must be at least equal to 50 % of estimated cost of work for which bid has been invited" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Wholesales एवं Sales द्वारा Revenue (Turnover) दिया गया है, जो निविदा की शर्त्तो को पूर्ण नहीं करता है। तदनुसार संवेदक की Bidding Capacity की गणना नहीं की गयी। अतः उक्त के आलोक में इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5A(a) एवं 4.7 के तहत **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(vii) सप्तम् निविदाकार EVOLERGY RENEWABLES LLP, ADD- RADHIYA, GOVINDGANJ, EAST CHAMPARAN, BIHAR-845401 (BCD Class-1, REG NO- 1260044) है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 कंडिका–4.5B(a) के तहत मांगी गयी Tools & Plants के अन्तर्गत Concrete Mixture with Integral Weigh Batching Facility-1 Nos (age-5 year) के विरूद्ध कोई भी Tax Invoice संलग्न नहीं पाया गया, जो निविदा की शर्त्तो को पूर्ण नहीं करता है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5B(a) के तहत **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से तृतीय बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये सात निविदाकारों में से तीन निविदाकार** (i) "GUNJAN KUMAR, AT+PO - POARI ,PS- HARNAUT, DIST - NALANDA (BCD Class-2, REG NO- 2240173)", (ii) M/S KUMAR ABHISHEK, VASHISTH NAGAR (BCD Class-1, REG NO- 1250315) **एवं** (iii) "M/s BINOD KUMAR, WRAD NO 23 ROAD NO 2 VISHWANATH NAGAR, BEGUSARAI-851101 (WRD Class-1, REG NO- WRD170126C1PF4)" को तकनीकी बीड में **'सफल'** एवं

अन्य चार निविदाकार (i) "RAJ CONSTRUCTION, PLOT NO.-A6, CENTRE MARKET, SECTOR-12 (BCD Class-1, REG NO- 2240183)", (ii) "RAJ GOPAL SHARMA, PATNA-801112 (BCD Class-1, REG NO-1250304)", (iii) "SANT MENHI INFRATECH, NEAR GIRLS HIGH SCHOOL ANAND NAGAR SEC-2 SABOUR, BHAGALPUR-813210 (PHED Class-1, REG NO- 280120250092)" एवं (iv) "EVOLERGY RENEWABLES LLP, ADD- RADHIYA, GOVINDGANJ, EAST CHAMPARAN, BIHAR-845401 (BCD Class-1, REG NO- 1260044) " को **'असफल'** घोषित करते हुए इस कार्यवाही को दिनांक-09.11.2026 के पूर्वाह्न 10.00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया। यदि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त होती है तो विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर प्राप्त परिवाद पर विचार करते हुए अपनी अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष परिवाद के निष्पादन हेतु उपस्थापित करेंगे। यदि उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होती है तो मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

16. इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

03/11/26

(ऋतु राज)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बेगूसराय।

03/11/26

(विजय कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, दरभंगा।

3.11.26

(रामाज्ञा कुमार)
मुख्य अभियंता(उत्तर),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः-भ0उ0वि0/यो0(दर0)-74/2025 4643 पटना, दिनांकः- 03/11/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3.11.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।